(d) Coai production and despatches of coal trom Singareni Collieries Company Ltd. (SCCL) have improved significantly in the aecond half of the current financial year. The company expect* to produce 24 M.T. of coal during 1993-94. With improved production, the supplies of coal to consumers have also gone up. It is expected that this toend would *be* maintained.

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के श्रमिकों का पुनर्नियोजन

3823. **श्री राम नरेश यादव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को 10 अगस्त, 1992 को कोयला मजदूर कांग्रेस संगठन, आसनसोल से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के 220 श्रमिकों को पुनः नौकरी में रखे जाने के संबंध में कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) कोयला मजदूर कांग्रेस, आसनसोल से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. के 220 कामगारों की पुनः बहाली से संबंधित एक अभ्यावेदन दिनांक 10-8-1990 को प्राप्त हुआ था।

(ख) इस संबंध में प्रभावित कुछ व्यक्तियों ने अपने मामलों में कलकत्ता उच्च न्यायालय से आदेश प्राप्त कर लिए हैं । उच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेश को कोल इंडिया लि. के प्रबंधन द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश दे दिया है । यह मामला अभी न्यायालय के विचाराधीन है । इस याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की जा रही है ।

देश में पुनः उपयोग में लाये जाने योग्य खुली खदानें

3824. **श्री दिलीप सिंह उदेव**: क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार ऐसी खुली खदानों की संख्या कितनी है जिनमें एक वर्ष से भी अधिक समय से खान कार्य बंद है, जिनका कोयला भंडार समाप्त हो गया है अथवा जो खनन-कार्य किए जाने योग्य नहीं है;

(ख) ऐसी खदानों की संख्या कितनी है जिन्हें पाटने और समतल करने के बाद पुनः उपयोग योग्य बनाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन खानों को पाट कर समतल किये जाने के संबंध में किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश में इस कार्य पर किये गये व्यय और खदानों को पाट कर उन्हें समतल किए जाने के संबंध में ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (घ) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

उन्नत किस्म के कोयले के उत्पादन की योजना

3825. **डा. जिनेन्द्र कुमार जैन** :

श्री वीरेन जे. शाह :

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कोयले का आयात किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1993-94 के दौरान कितनी मात्रा में कोयला का आयात किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने कोयले का आयात बंद करने के लिए देश में उन्नत किस्म के कोयले के उत्पादन में वृद्धि करने हेतु किन्हीं परियोजनाओं की योजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो इन योजनाओं को कब तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है और कोयले की आवश्यकता को पूरा करने के मामले में देश कब तक आत्मनिर्भर बन जायेगा ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) एकीकृत इस्पात संयंत्र, निम्न राखीय कोककर कोयले के मुख्य रूप में आयातक है, जिससे इसे देशीय कोयले के साथ मिश्रित करके, कोयले की देशीय उपलब्धता तथा मांग के बीच के अन्तराल को पूरा किया जाता है तथा इस्पात संयंत्रों में प्रयोग में आने वाले मिश्रण की सटीक रूप में